**Indian School Al Wadi Al Kabir**
**SAMPLE PAPER**
**Pre-Mid Term Exam (2024-25)**
Subject-Hindi (II Lang.)

Class: X | Max Marks: **30**
Date: MAY-2024 | Time - **1hr**

***Ge**neral Instructions:*

1. *All questions are compulsory.*
2. *The question paper consists of **9** questions divided into **4** Sections.*
3. *There is no overall choice. However, internal choices have been provided.*
4. *This question paper consists of **4** printed pages.*

## खंड – क

**1.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- 7**

पता नहीं क्यों, उनकी कोई नौकरी लंबी नहीं चलती थी। मगर इससे वे न तो परेशान होते, न आतंकित, और न ही कभी निराशा उनके दिमाग में आती। यह बात उनके दिमाग में आई कि उन्हें अब नौकरी के चक्कर में रहने के बजाय अपना काम शुरु करना चाहिए । नई ऊँचाई तक पहुँचने का उन्हें यही रास्ता दिखाई दिया । सत्य है, जो बड़ा सोचता है, वही एक दिन बड़ा करके भी दिखाता है और आज इसी सोच के कारण उनकी गिनती बड़े व्यक्तियों में होती है । हम अक्सर इंसान के छोटे-बड़े होने की बातें करते हैं, पर दरअसल इंसान की सोच ही उसे बड़ा या छोटा बनाती है । स्वेट मार्डेन अपनी पुस्तक 'बड़ी सोच का बड़ा कमाल' में लिखते हैं कि यदि आप दरिद्रता की सोच को ही अपने मन में स्थान दिए रहेंगे, तो आप कभी धनी नहीं बन सकते, लेकिन यदि आप अपने मन में अच्छे विचारों को ही स्थान देंगे और दरिद्रता, नीचता आदि कुविचारों की ओर से मुँह मोड़े रहेंगे और उनको अपने मन में कोई स्थान नहीं देंगे, तो आपकी उन्नति होती जाएगी और समृद्धि के भवन में आप आसानी से प्रवेश कर सकेंगे । सफलता की ऊँचाइयों को छूने वाले व्यक्तियों का मानना है कि सफलता उनके मस्तिष्क से नहीं, अपितु उनकी सोच से निकलती है । व्यक्ति में सोच की एक ऐसी जादुई शक्ति है कि यदि वह उसका उचित प्रयोग करे, तो कहाँ से कहाँ पहुँच सकता है । इसलिए सदैव बड़ा सोचें, बड़ा सोचने से बड़ी उपलब्धियाँ हासिल होंगी, फायदे बड़े होंगे और देखते-देखते आप अपनी बड़ी सोच द्वारा बड़े आदमी बन जाएँगे ।

**प्रश्न :-** (i) गद्यांश में किस जादुई शक्ति की बात की गई है ? (1)

(क)धन (ख)सोच (ग) बातचीत (घ) काम

(ii) स्वेट मार्डेन की पुस्तक का नाम क्या है ? (1)

(क)छोटी सोच (ख)बड़ी सोच का बड़ा कमाल

(ग)कमाल की चीज़ (घ)बड़ा कमाल

(iii) गद्यांश के अनुसार सत्य क्या है? (1)

(क)जो बड़ा सोचता है, वह आगे नहीं बढ़ पाता

(ख)जो बड़ा सोचता है, वह बड़ा करके दिखाता है

(ग)दरिद्रता, नीचता आदि कुविचार हमें उन्नति के मार्ग पर ले जाते हैं

(घ)धन है तो जीवन है

(iv) गद्यांश में समृद्धि और उन्नति के लिए क्या सुझाव दिए गए हैं ? (2)

(v) लेखक को नई ऊँचाई तक पहुँचने का कौन-सा रास्ता दिखाई दिया ? (2)

## खंड - ख

2.(क)किन्हीं **दो** समस्त पदों का विग्रह कर समास का नाम लिखिए- 2

i)गाँव-गाँव ii)अमृतधारा iii)महावीर

(ख)किसी **एक** का समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए- 1

i)कनक रुपी लता ii) लंबा है उदर जिसका

3.(क)उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए- **1**

अरे राहुल! मीना फेल हो गई है और तुम उसके अंक पूछ रहे हो, क्यों उसके _______ हो?

(ख) किसी **एक** मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए । 1

i) सूक्ति बाण चलाना ii) आटे दाल का भाव मालूम होना

## खंड -ग

4. सुखिया सब संसार है, खायै अरू सोवै। 1 x 3 = 3

दुखिया दास कबीर है, जागै अरू रोवै॥

बिरह भुवंगम तन बसै, मंत्र न लागै कोइ।

राम बियोगी ना जिवै, जिवै तो बौरा होइ॥

**उपरोक्त पद्य खंड को पढ़कर निम्न लिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

(i) कबीर के अनुसार संसार के लोग सुखी क्यों हैं ?

क).एक दूसरे की सहायता करते हैं

ख).सभी लोग ज्ञानी हैं

ग).सभी लोग सांसारिक सुखों में लिप्त हैं

घ).सभी के पास धन-दौलत है

(ii) 'बौरा'-शब्द का क्या तात्पर्य है ?

क. मूर्ख ख. अहंकारी

ग. शांत घ. उन्मत्त

(iii) कबीरदास किसके विरह में तड़प रहे हैं ?

क.अपनी पत्नी के विरह में ख. दोस्तों के विरह में

ग.अपनी माँ के विरह में घ. ईश्वर के विरह में

**1 x 3 = 3**

5. एक ज़माना था कि लोग आठवाँ दर्जा पास करके नायब तहसीलदार हो जाते थे । मैं कितने ही मिडिलचियों को जानता हूँ, जो आज अव्वल दरजे के डिप्टी मजिस्ट्रेट या सुपेरिंटेंडेंट हैं । कितने ही आठवीं जमात वाले हमारे लीडर और समाचारपत्रों के संपादक हैं । बड़े-बड़े विद्वान उनके मातहती में काम करते हैं और तुम उसी आठवें दरजे में आकर बाज़ारी लौंडों के साथ कनकौए के लिए दौड़ रहे हो । मुझे तुम्हारी इस कम अकली पर दुःख होता है । तुम ज़हीन हो, इसमें शक नहीं, लेकिन वह ज़ेहन किस काम का जो हमारे आत्मगौरव की हत्या कर डाले । तुम अपने दिल में समझते होगे, मैं भाई साहब से महज़ एक दरजा नीचे हूँ और अब उन्हें मुझको कुछ कहने का हक़ नहीं है, लेकिन यह तुम्हारी गलती है । मैं तुमसे पाँच साल बड़ा हूँ और चाहे आज तुम मेरी ही जमात में आ जाओ और परीक्षकों का यही हाल है, तो निस्संदेह अगले साल तुम मेरे समकक्ष हो जाओगे और शायद एक साल बाद मुझसे आगे भी निकल जाओ, लेकिन मुझमें और तुममें जो पाँच साल का अंतर है, उसे तुम क्या, ख़ुदा भी नहीं मिटा सकता ।

**उपरोक्त गद्य खंड को पढ़कर निम्न लिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

(i) कहानीकार का नाम है -

क.हरिश्चंद्र ख.जयशंकर प्रसाद

ग.महादेवी वर्मा घ.प्रेमचंद

(ii) बड़े भाई साहब के अनुसार लेखक अपने आत्मगौरव की हत्या किस प्रकार करता है ?

क.बाज़ारी लौंडों के साथ गलियों में पतंग लूटने के लिए दौड़ना

ख.बाज़ारी लौंडों के साथ फ़िल्म देखने के लिए जाना

ग.बाज़ारी लौंडों के साथ बैठकर पढ़ाई करना

घ.बाज़ारी लौंडों के साथ गलियों में गीत गाना

(iii) बड़ा भाई अपने फेल होने के लिए किसे दोषी मानता है?

क. अपने माता-पिता को ख. लेखक को

ग. परीक्षकों को घ. अपने पड़ोसी को

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर 30-40 शब्दों में दीजिए: - 2 x 1 = 2

(i) कबीर ने मधुर वाणी के महत्त्व के बारे में क्या बताया है ?

(ii)कस्तूरी मृग के उदाहरण द्वारा कबीर ने क्या स्पष्ट किया है ?

7. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर 30-40 शब्दों में दीजिए: - 2 x 1 = 2

(i) बड़े भाई साहब के अनुसार जीवन की समझ कैसे आती है?

(iii)'बड़े भाई साहब'-पाठ में आधुनिक शिक्षा प्रणाली की कौन-सी कमी उजागर हुई है ?

8. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर 50-60 शब्दों में दीजिए- 3 x 1 = 3

(i) हरिहर काका को जबरन उठा ले जानेवाले कौन थे ? उन्होंने काका के साथ कैसा बर्ताव किया ?

(ii) सभी रिश्तों की बुनियाद प्रेम न होकर धन-दौलत है - ‘हरिहर काका’ पाठ के आधार पर इस कथन की पुष्टि कीजिए ।

**खंड -घ** **5**

9. आप फ़्लैट सं० 108, माधवधाम सोसाइटी, बांद्रा, मुंबई के निवासी सक्षम/जिज्ञासा हैं। अपने क्षेत्र के अस्पताल के प्रबंध पर असंतोष व्यक्त करते हुए वहाँ के मुख्य चिकित्सा-अधिकारी को पत्र लिखिए।

अथवा

प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए जिसमें अपने घर की आर्थिक स्थिति का संक्षिप्त विवरण देते हुए शुल्क -मुक्ति के लिए प्रार्थना की गई हो ।